NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-301, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 11 मई, 2026 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# 'ये नाकामी के सबूत हैं'

## पीएम मोदी की अपील पर राहुल गांधी बोले- देश चलाना उनके बस की बात नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री की ओ से की गई सात अपील पर निशाना साधा है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समझौता करने वाला बताया। उन्होंने लिखा, मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे- सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं- ये नाकामी के सबूत हैं।

उन्होंने आगे लिखा, 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है- क्या खरीदे, क्या न खरीदे, कहां जाए, कहां न जाए। हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल देते हैं, ताकि खुद की जवाबदेही से बच निकलें। देश चलाना अब समझौता करने वाले प्रधानमंत्री के बस की बात नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि हर परिवार को खाने के तेल का इस्तेमाल कम करना चाहिए और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो और पर्यावरण की रक्षा हो सके। प्रधानमंत्री सिकंदराबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कह कि खाने के तेल की खपत कम करने से लोगों की सेहत भी बेहतर होगी और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा, खाने के तेल के आयात पर देश को विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। अगर हर परिवार खाने के तेल का इस्तेमाल कम कर दे, तो यह देशभक्ति में बड़ा योगदान होगा। इससे देश के खजाने की सेहत भी सुधरेगी और परिवार के हर सदस्य की सेहत भी बेहतर होगी।

## जेईई एडवांस्ड का एडमिट कार्ड जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, वे अब आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा 18 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिले के लिए यह परीक्षा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। आईआईटी रुड़की द्वारा जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा का आयोजन दो अनिवार्य शिफ्टों में किया जाएगा

## सोमनाथ मंदिर में कुंभाभिषेक के साक्षी बने पीएम, मंत्रोच्चारण के साथ हुई पूजा




**सोमनाथ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गिर सोमनाथ में रोड शो किया। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद हैं। गिर सोमनाथ में रोड शो करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमनाथ मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने कुंभाभिषेक और पूजा अर्चना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ अमृत महोत्सव के तहत बारह ज्योतिलिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर में पूजा-पाठ की। मंदिर के जीणोर्धार होने के 75 साल पूरे होने सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रांगण में कुंभाभिषेक के साक्षी बने। इस दौरान ध्वजारोहण भी किया गया।

## दर्दनाक हादसा: चंबा के ककीरा में इनोवा क्रिस्टा खाई में गिरी, छह की मौत



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में भटियात के ककीरा में आज सुबह तीन बजे के करीब पर्यटकों से भरी एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है जबकि चार घायल हैं। दुर्घटनाग्रस्त इनोवा क्रिस्टा गाड़ी में गुजरात के टूरिस्ट सवार थे। ये लोग मनाली से डलहौजी घूमने जा रहे थे। हादसे के वक्त क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी। गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडी नंबर की टैक्सी इनोवा क्रिस्टा थी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रारंभिक जांच में खराब मौसम और सड़क पर फिसलन को हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है।



## शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या

# कोलकाता पुलिस ने यूपी से तीन संदिग्धों को दबोचा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी बक्सर बिहार के रहने वाले हैं। जबकि, तीसरा आरोपी यूपी के बलिया का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान यह भी बक्सर में ही रहता है।

इनमें से एक आरोपी राज सिंह अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र से पकड़ा गया है। हालांकि, इस मामले में जिले की पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है। इसके अलावा मयंक मिश्रा और विक्की मौर्या को बक्सर से ही गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मूल रूप से बक्सर के ही रहने वाले हैं।

नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से किया गिरफ्तार

सूत्रों के अनुसार, मूल रूप से बलिया का रहने वाला राज सिंह लखनऊ की तरफ से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे से आ रहा था। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर कोलकाता पुलिस ने इसे नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अभी तक इसके संबंध में ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है।

बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद से वहां की पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में यूपी समेत कई राज्यों में दबिश दे रही थी। जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थीं। अब मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कोलकाता पुलिस आज दोपहर में प्रेस वार्ता कर- के गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देगी।

## हैवान बना देवरः गर्भवती भाभी को काटा, जला था पेट का हिस्सा

**सहारनपुर।** नानौता कस्बे की नाइयों वाली गली में गर्भवती महिला की हत्या के बाद आरोपी युवक हाथ में एक घंटे तक फावड़ा लेकर शव के पास खड़ा रहा, लेकिन पुलिस उसके पास जाने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लोग लगातार आरोपी को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन वह हाथ में फावड़ा लिए आक्रामक होकर शव के पास खड़ा रहा।

माहौल इतना भयावह था कि आसपास के लोग दूर ही खड़े रहे। काफी जद्दोजहद के बाद पूर्व चेयरमैन के भाई ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी को पकड़ा। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया।

बताया जा रहा है कि आरोपी शुरू से ही परिवार में हुए प्रेम विवाह का विरोध करता था। शादी के बाद से वह इस रिश्ते को लेकर नाराज चल रहा था। हालांकि, बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि यदि उसकी नाराजगी अपने भाई से थी तो उसने हमला अपनी गर्भवती भाभी पर क्यों किया। इसी सवाल को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। घटना के बाद से दहशत और गुस्से का माहौल है।

मृतका की मां का आरोप है कि सना के गले पर कट के निशान हैं और पेट का कुछ हिस्सा जला हुआ है। पिता आशिक का आरोप है कि सना की हत्या में सभी ससुराल वाले शामिल हैं। हत्या के बाद सास और ननद पहले ही प्लानिंग के तहत कहीं चली गई थीं और पति भी साजिश के तहत ही थाने पहुंचा है। वह अपने भाई को मोहरा बनाकर पूरे परिवार को बचाने की कोशिश कर रहा है।

सना और सलमान के घर आमने सामने हैं। दोनों के बीच कई वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब सात माह पहले दोनों घर से भाग कर थाने पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस ने विवाह कराने और सुरक्षा देने की मांग की थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों को बुलाया था। कस्बे के जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में सना को सलमान के साथ भेज दिया गया था। तभी से सना का अपने मायके आना जाना बंद था।

# ईरान पर फिर भड़के ट्रंप, शांति प्रस्ताव को ठुकराया



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई महीनों से जारी तनाव कम होने के संकेत नहीं मिल रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को ₹पूरी तरह अस्वीकार्य₹ बताते हुए खारिज कर दिया है। हालांकि, प्रस्ताव के बारे में उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी। ट्रंप के इस रुख के बाद एक प्रमुख रिपब्लिकन नेता ने अब ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार करने का आग्रह किया।

ट्रंप को रविवार को ईरान का प्रस्ताव मिला। उम्मीद थी कि इससे ईरान के साथ 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने में कोई सफलता मिल सकती है। इस युद्ध ने वैश्विक तेल आपूर्ति के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे कई देशों में ईंधन की कमी हो गई है। ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल₹ पर लिखा, मैंने अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' का जवाब पढ़ा है। मुझे यह पसंद नहीं आया- पूरी तरह अस्वीकार्य! वे लगभग 50 वर्षों से अमेरिका के साथ खेल खेल रहे हैं, लेकिन अब वे और नहीं हंस पाएंगे।

मीडिया आउटलेट 'एक्सियोस' से बात करते हुए ट्रंप ने प्रस्ताव की डिटेल जानकारी देने से इंकार कर दिया, लेकिन यह कहा, मुझे उनका पत्र पसंद नहीं आया। यह अनुचित है। मुझे उनकी प्रतिक्रिया भी पसंद नहीं आई। उन्होंने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर उनकी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से लंबी बातचीत हुई है। ईरान के अड़ियल रुख को देखते हुए रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने ट्रंप को सैन्य विकल्प पर विचार करने की सलाह दी है। ग्राहम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिपिंग पर हमलों और अमेरिकी सहयोगियों को निशाना बनाए जाने के बाद अब ₹रास्ता बदलने₹ का समय आ गया है। उन्होंने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम प्लस' नौसैनिक ऑपरेशन) को फिर से शुरू करने का संकेत दिया। गौरतलब है कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे कई देशों में ईंधन का संकट पैदा हो गया है। हालांकि 8 अप्रैल से युद्धविराम लागू है, लेकिन स्थायी शांति के लिए अमेरिका और ईरान के बातचीत नतीजे पर नहीं पहुंच रही है।

## खेलने के दौरान बच्चे पर गिरा भारी लोहे का गेट, मौत

**नोएडा।** गेझा गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां सुबह एक दर्दनाक हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। घटना का वीडियो आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, गेझा गांव निवासी पांच वर्षीय नवदीप शनिवार सुबह करीब 9:20 बजे पड़ोस में लगे लोहे के गेट पर चढ़कर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक गेट टूटकर उसके ऊपर गिर गया।

## जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्री के सिर में गोली मारी

**चंदौली।** पीडीडीयू जंक्शन रेल मंडल में लगातार दूसरे दिन चलती ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। दो दिनों के भीतर दो सनसनीखेज हत्याओं से यात्रियों में दहशत का माहौल है और रेलवे सुरक्षा एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

सोमवार सुबह कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-2 कोच में बिहार के गया जनपद के पिपरिया निवासी 57 वर्षीय दिनेश साह की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने रिश्तेदारों के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले थे। वारदात के बाद आरोपी चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया।

ट्रेन रात करीब 1:30 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रवाना हुई थी। सिकटिया के समीप बदमाश ने अचानक गोली चला दी। सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया है।

इससे एक दिन पहले रविवार को मुगलसराय-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर के जमनिया निवासी 34 वर्षीय मंगरू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बदमाश शव को रेलवे ट्रैक पर फेंककर फरार हो गए थे।

लगातार दो दिनों में हुई इन घटनाओं ने डीडीयू रेल मंडल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेनों में पर्याप्त जांच, गश्त और निगरानी नहीं हो रही है, जिससे अपराधी आसानी से हथियार लेकर ट्रेन में चढ़ रहे हैं और वारदात को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं।

रेलवे प्रशासन ने दोनों मामलों में सीसीटीवी फुटेज, यात्रियों से पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज कर दी है। हालांकि इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक समीक्षा और सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

## अकेली पड़ीं ममताः कांग्रेस और लेफ्ट ने साथ आने से किया इनकार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में भाजपा के खिलाफ संयुक्त विपक्षी मोर्चा बनाने की ममता बनर्जी की अपील को कांग्रेस और वाम दलों ने सिरे से खारिज कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने एक वीडियो संदेश जारी कर कांग्रेस, सीपीएम और अन्य वामपंथी दलों से भाजपा के खिलाफ एकजुट होने की अपील की थी। उन्होंने भाजपा को सबसे बड़ा दुश्मन बताते हुए सभी विपक्षी ताकतों से साथ आने का आह्वान किया था।

हालांकि, ममता की इस पहल को विपक्षी दलों ने तुरंत नकार दिया। कांग्रेस प्रवक्ता सौम्य ऐच रॉय ने तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ममता बनर्जी अब उन अल्ट्रा-लेफ्ट समूहों का समर्थन मांग रही हैं, जिन पर 2013 में कांग्रेस कार्यकताओं पर हमलों के आरोप लगे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पिछले चुनावों में कांग्रेस को लगातार बदनाम किया और राज्य में भाजपा को मजबूत होने का मौका दिया। रॉय ने कहा कि बंगाल में भाजपा को राजनीतिक जमीन देने का काम खुद ममता बनर्जी ने किया था।

वहीं, मोहम्मद सलीम के नेतृत्व वाली सीपीएम ने भी ममता बनर्जी की अपील को पूरी तरह खारिज कर दिया। सीपीएम राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्ट और सांप्रदायिक करार देते हुए कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ाई का मतलब तृणमूल कांग्रेस के साथ खड़ा होना नहीं हो सकता। सीपीआई के राज्य सचिव स्वपन बंदोपाध्याय ने भी साफ शब्दों में कहा कि ममता बनर्जी जैसी तानाशाही और अलोकतांत्रिक नेता के साथ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

उधर, सीपीआई (एम-एल) लिबरेशन के अभिजीत मजूमदार ने तृणमूल कांग्रेस को दक्षिणपंथी और अधिनायकवादी पार्टी बताया। वहीं एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के पोलित ब्यूरो सदस्य अमिताभ चटर्जी ने कहा कि ममता बनर्जी अब ऐसी अपील इसलिए कर रही हैं क्योंकि उन्हें राजनीतिक हार का सामना करना पड़ा है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
सोमवार, 11 मई, 2026


# ट्रॉमा सेंटर में बिजली गुल मोबाइल टॉर्च से इलाज

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** ट्रॉमा सेंटर में देर रात बिजली गुल हो गई। इनवर्टर में खराबी के कारण पूरी विद्युत व्यवस्था ठप हो गई, जिससे अस्पताल के वार्डों और गलियारों में अंधेरा छा गया। इस दौरान मरीजों का इलाज मोबाइल फोन की टॉर्च की रोशनी में किया गया।

डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाकर मरीजों को इंजेक्शन लगाए, टांके लगाए और दवाइयों के पर्चे भी लिखे। यह स्थिति जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोलती नजर आई। भीषण गर्मी और उमस के बीच मरीजों और उनके तीमारदारों की हालत खराब हो गई। वार्डों में एसी तो चल रहे थे, लेकिन रोशनी न होने से अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई तीमारदार हाथों में फट्टा लेकर मरीजों को हवा करते दिखे।



अस्पताल प्रशासन की लापरवाही भी सामने आई, क्योंकि काफी देर तक बिजली व्यवस्था सुचारु नहीं हो सकी और मरीजों को कोई वैकल्पिक सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई। ट्रॉमा सेंटर की इन बदहाल व्यवस्थाओं का किसी ने वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस घटना को लेकर लोगों में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि यदि ट्रॉमा सेंटर जैसे महत्वपूर्ण अस्पताल की यह स्थिति है, तो सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

## कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का बड़ा दावा

# असम-बंगाल चुनाव में भाजपा व आयोग ने की लोकतंत्र की हत्या



एनएनआई

**वृंदावन।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा जिस तरह पश्चिम बंगाल व असम में चुनाव आयोग व भाजपा ने विधानसभा चुनाव में लोकतंत्र की हत्या की है, उसे जनता माफ नहीं करेगी। भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर मतदान की प्रक्रिया में लोकतंत्र की गरिमा गिराई है। भाजपा के पास मुख्यमंत्री बनाने को अपने नेता नहीं हैं, दूसरी पार्टियों से आए नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया गया। ऐसे में भाजपा व संघ के बीच मतभेद उभरेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

विधायक आराधना मिश्रा ने भाजपा पर महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया। कहा विशेष सत्र बुलाकर केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को आरक्षण देने का दावा तो करती है। लेकिन, असम, बंगाल व बिहार में किसी महिला को मुख्यमंत्री नहीं बनाया। आज तक भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला नहीं बनी। यही महिलाओं के प्रति उनकी मानसिकता दशार्ता है।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रविवार को दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा केरलम में हमने चुनाव जीता और तमिलनाडु में हमने धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करने वाले दल का समर्थन किया। तमिलनाडु में राज्यपाल ने 108 सीट प्राप्त करने के बाद भी सरकार बनाने का आमंत्रण देने में आनाकानी की। वहां भाजपा की शिकस्त हुई है। चूंकि वे चाहते थे कि वहां सरकार वे खुद बनाए। लेकिन, बाद में विजय ने बहुत सिद्ध करके सत्ता में पहुंचने में सफलता पाई।

# हाथरस में नगला रतिया में जुआ खेलते सात गिरफ्तार



एनएनआई

**हाथरस।** सहपऊ क्षेत्र में जुआ विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने नगला रतिया से सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 21,140 रुपये नकद और ताश की एक गड्डी बरामद की है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सहपऊ पुलिस को सूचना मिली थी कि नगला रतिया में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेल रहे लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने जिन सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें विक्रम पुत्र रामवीर और हरवीर पुत्र रामवीर (दोनों निवासी नगला रतिया, सहपऊ, हाथरस), बनी सिंह पुत्र रामबहादुर, शिवेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह और भूरा पुत्र ध्यान सिंह (तीनों निवासी ग्राम चौकड़ा, बरहन, आगरा), कैलाश सिंह पुत्र धुर्व सिंह (निवासी रूपधनु, बरहन, आगरा) तथा विनीत कुमार पुत्र घमण्डी सिंह (निवासी ग्राम खोण्डा, सहपऊ, हाथरस) शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 21,140 रुपये नकद और एक ताश की गड्डी बरामद की है। थाना सहपऊ पुलिस ने सभी गिरफ्तार जुआरियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव रविवार को मथुरा दौरे पर पहुंचे। उन्होंने धर्मनगरी के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन कर देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान के दर्शन किए:कहा- भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि का दर्शन करना सौभाग्य की बात है।

# फिरोजाबाद में पुलिस मुठभेड़, दो वाहन चोर गिरफ्तार

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** रसूलपुर थाना पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें, दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रसूलपुर पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी।



एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि मोढ़ा से जमालपुर और मोतीनगर जाने वाले तिराहे के पास पुलिस टीम ने दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने भागने की कोशिश करते हुए फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी आसिफ के पैर में गोली लगी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसिफ पुत्र नसीम, निवासी पुराना रसूलपुर, और योगेन्द्र कुमार उर्फ अर्जुन, निवासी इटावा (वर्तमान में थाना नारखी क्षेत्र), के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इनमें से दो बाइकें रसूलपुर थाना क्षेत्र से चोरी हुई बताई गई हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे (.315 बोर), चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस भी बरामद हुए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, आरोपी आसिफ के खिलाफ पहले भी आर्म्स एक्ट और चोरी के मामले दर्ज हैं। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहित रसूलपुर थाना पुलिस के कई अधिकारी और जवान शामिल थे।

# सड़क पर बिना कपड़ों के निकली मानसिक रूप से कमजोर विवाहिता

## बेशर्म बनाते रहे वीडियो; पुलिसकर्मियों ने ढका तन



**आगरा एनएनआई।** एक तरफ मदर्स डे पर मातृ शक्ति को लोग नमन कर रहे थे तो दूसरी तरफ एत्माददौला क्षेत्र में शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। मानसिक रूप से कमजोर महिला निर्वस्त्र हालत में सड़क पर निकल आई। कुछ लोग उसको कपड़े पहनाने के बजाय मोबाइल से वीडियो बनाने लगे तो कुछ उसे देखकर मजाक बनाने लगे। इसी बीच एक राहगीर ने महिला को अपने गमछे से तन को ढकने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। महिला पुलिसकर्मियों ने महिला को कपड़े पहनाने के बाद पति के सुपुर्द कर दिया।मूल रूप से फिरोजाबाद की रहने वाली महिला दो साल से एत्माद्दौला क्षेत्र में पति के साथ किराये के घर में रह रही है। पति आटा मिल में काम करते हैं। रविवार शाम को साढ़े सात बजे महिला निर्वस्त्र हालत में घर से निकल आई। नुनिहाई से रामबाग जाने वाले रास्ते से होते हुए नरायच पुलिया तक पहुंची। महिला के हाथ में डंडा भी लगा हुआ था। उसे इस हाल में देखकर कुछ लोग परेशान हो गए तो कुछ लोग मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। इसी बीच बजरंग दल के पदाधिकारी अनिल शर्मा ने महिला को अपने गमछे से ढकने का प्रयास किया। उन्होंने सूचना दी तो महिला पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गईं। उन्होंने महिला को कपड़े पहनाए।डीसीपी सिटी सय्यद अब्बाल अली ने बताया कि पूछताछ के दौरान महिला ने कई बार अपने बयान बदल दिए। कभी पुलिस तो कभी मकान मालिक पर आरोप लगाने लगी। बेटी के उत्पीड़न की बात कही। जानकारी पर पुलिस ने महिला के पति को बुलवाया। उसने बताया कि पत्नी मानसिक रूप से बीमार चल रही है। उसका उपचार चल रहा है। महिला दरोगा स्वाति वर्मा ने उसके लिए दुकान से कपड़े खरीदे थे। इसके बाद उसे एक स्थान पर कपड़े पहनाए गए। बाद में पति पत्नी को साथ लेकर चला गया

# भाई के विवाद में युवक की पीट पीटकर हत्या

एनएनआई

**आगरा।** धूलियागंज क्षेत्र में युवक हर्ष जैन की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि दबंगों ने मारपीट के दौरान उसका सिर जमीन पर पटक दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

> दबंगों ने जमीन पर गिराकर मारा, जमीन पर पटका

थाना छत्ता क्षेत्र के धूलियागंज में युवक हर्ष जैन की पीट-पीटकर हत्या से सनसनी फैल गई। बताया गया है कि हर्ष अपने भाई के साथ हुई मारपीट के बाद आरोपियों से बात करने पहुंचा था। इसी दौरान दबंगों ने उस पर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान हर्ष का सिर जमीन पर दे मारा गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि रविवार शाम को हर्ष के भाई का विवाद हो गया था। इस मामले में ही दूसरे पक्ष ने हर्ष जैन के साथ मारपीट की। इसमें उसकी जान चली गई।



# नगर निगम सदन के बाहर कांग्रेसियों का हंगामाःगेट पर चढ़े प्रदर्शनकारी

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम में सदन की बैठक हो रही है। बैठक में महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, नगरायुक्त मौजूदग हैं। पार्षदों ने एजेंडे से कई प्रस्ताव हटाने का आरोप लगाते हुए नाराजगी जताई। इधर कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने सदन के बाहर हंगामा कर दिया। इस दौरान और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे हैं। थाली और ताली बजा रहे हैं। अधिकारियों को कांग्रेस कार्यकताओं की प्रदर्शन की जानकारी मिली तो नगर निगम के अंदर गेट पर ताला लगाकर उन्हें रोक दिया। प्रदर्शन करने वाले गेट पर चढ़ गए। इसके बाद फर्श पर धरने पर बैठ गए। कांग्रेसियों ने कहा कि दलाली का अड्डा खत्म करो। हिस्सेदारी बंद करो।

इससे पहले पार्षद हेमंत प्रजापति ने अधिकारियों पर नाराजगी जताई। वहीं विपक्षी पार्षदों ने कहा कि सदन को गलत दिशा में ले जाया जा रहा है। आज के एजेंडे पर बात होनी चाहिए। हंगामे पर महापौर ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा, ऱ्हमने सदन के लिए कॉल किया था। 15 दिन में तैयारी कर लेनी चाहिए थी। अधिकारी सदन में क्यों नहीं आए, इसका जवाब इन्हें देना होगा।



# माथुर वैश्य महासभा ने शिविर लगा बनवाए आयुष्मान कार्ड

**आगरा एनएनआई।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा ने जनमानस सेवा कार्य में जीवन दायिनी योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनावाने को शिविर का आयोजन पचकुंयां भवन में किया। शिविर में लगभग 100 लाभार्थियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराए गए। आगामी शिविर का आयोजन दो माह पश्चात किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता मामा, प्रशासनिक मंत्री वीरेन्द्र गुप्ता, संयोजक रौनक गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, विनय गुप्ता, श्रीभगवान रैपुरिया, संजय गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, पंकज गुप्ता, अरूण गुप्ता, डा. पीडी गुप्ता, पदमा गुप्ता, दिशा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, मंजू गुप्ता, वीर नारायण गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 13-14 मई को आंधी के साथ बारिश का अलर्ट

एनएनआई

**आगरा।** सोमवार सुबह से सूरज की लुका-छुपी के बीच तेज हवाएं चल रही हैं। इससे मौसम सुहाना हो गया है। हालांकि 48 घंटे में 4त्ल की बढ़ोत्तरी हुई है लेकिन सुबह के समय गर्मी का असर कम है। 13-14 मई को आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है।

शनिवार की अपेक्षा रविवार को अधिकतम तापमान में 1.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस रहा था। न्यूनतम तापमान में भी 1.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हुई है।

7 मई से अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। हालांकि सुबह-शाम तेज हवाओं के चलते गर्मी का अहसास कम हो रहा है।

दोपहर में जरूर गर्मी थोड़ा परेशान करने लगी है। आगरा में शुक्रवार को बारिश हुई थी। इसके बाद मौसम साफ है। इस बीच तेज हवाएं चल रही हैं लेकिन दिन में धूप निकल रही है। इसके चलते दिन के तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं, रात के तापमान में उतर-चढ़ाव जारी है। सुबह-शाम तेज हवाओं के चलते गर्मी का असर काफी कम हो गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# पिता-पुत्र के बाद एक और बेटे की मौत

एनएनआई



**आगरा।** बिचपुरी में हुए हादसे में ऑटो चालक नेम सिंह और बेटे शिवम की मौत हो गई, जबकि पत्नी और दो बेटे अस्पताल में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हादसे की खबर मिलने पर सदरवन में शादी वाले घर में हंसी-ठिठोली की जगह करुण क्रंदन शुरू हो गया। नेम सिंह के चारों भाई दिल्ली में रहकर ऑटो चलाकर आजीविका चला रहे थे। हादसे के बाद वे भी गांव पहुंचे और शाम को पिता-पुत्र की अर्थियां उठाई गईं तो हर आंख नम हो गई। पिता पुत्र का अंतिम संस्कार करके घरवाले श्मशान घाट से लौट भी नहीं पाए थे तब तक दूसरे बेटे निखिल की मौत की खबर भी आते ही हर शख्स बिलख उठा।

हादसे में मृत नेम सिंह चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे। खुद का ऑटो चलाते थे। बड़े भाई थान सिंह और सबसे छोटे नरेंद्र भी किराये पर ऑटो चलाते हैं, जबकि भाई खजान सिंह मजदूरी करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण चारों भाई रोजगार के लिए दिल्ली में रह रहे थे। थान सिंह ने बताया कि नेम सिंह की शादी करीब 16 वर्ष पहले इरादतनगर के गांव वृथला निवासी कांता से हुई थी। बेटा शिवम कक्षा आठ का छात्र था। वहीं घायल निखिल कक्षा सात का छात्र था। सबसे छोटा प्रशांत तीसरी कक्षा का छात्र है।

परिवार के लोगों ने बताया कि 15 साल पहले चारों भाई दिल्ली गए थे। गांव में एक मकान है। खेती को बंटाई पर दे देते हैं। नेम सिंह हर तीन से चार महीने में गांव आया करते थे। कहते थे कि दिल्ली में कुछ पैसा जुटाने के बाद गांव में वापस आ जाएंगे। अपना मकान अच्छा बना लेंगे। गांव में ही ऑटो चलाकर अपना जीवन यापन करेंगे। चचेरी बहन की शादी का पता चलने पर वो पहले से तैयारी में जुट गए थे।

उनके सामने समस्या थी कि वह अपना ऑटो कहां पर खड़ा करते क्योंकि किराये का घर छोटा था। शादी में 8 से 10 दिन रुकना था। पुलिस ने हादसे की जानकारी दी तो परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां पर करुण क्रंदन गूंज उठा। दिल्ली से अन्य भाई और माता पिता भी गांव पहुंच गए।

पुलिस ने पिता-पुत्र के शवों का दोपहर में पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया। दोपहर करीबन 3:30 बजे जब पिता-पुत्र के शव गांव सदरवन पहुंचे तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शादी वाले घर में मातम पसर गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। नेम सिंह को मुखाग्नि बड़े भाई थान सिंह ने दी, जबकि शिवम को मुखाग्नि उसके तहेरे भाई संस्कार ने दी। परिवार के लोग श्मशान घाट से लौटे भी नहीं थे कि तभी दूसरे बेटे निखिल (10) की मौत की खबर पहुंच गई। इससे गांव का माहौल और गमजदा हो गया। परिवार के लोगों ने बताया कि 3 मौतों के बाद परिवार अब शादी सादा तरीके से करना चाहते हैं। रिश्तेदार भी गिने चुने ही आएंगे। शादी की सिर्फ रस्म अदा कराई जाएगी। दुल्हन बनी बहन के आंसू नहीं थम रहे थे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
सोमवार, 11 मई, 2026


NNI PRIME आवाज सच की
## एनएनआई प्राइम की एक मुहिम
समस्या, सहयोग, समाधान




**फिलहाल नए कनेक्शन बंद होने की स्थिति में नाम परिवर्तन का महत्व बढ़ गया है। उपभोक्ता की मृत्यु होने के बाद नाम परिवर्तन बड़ी संख्या में हो रहे हैं क्योंकि केवाईसी के बिना रिफिल नहीं दी जा रही है। जो ग्राहक अन्य के नाम का कनेक्शन प्रयोग कर रहे थे, वे भी उस कनेक्शन को अपने नाम पर परिवर्तित कर सकते है। इसी मुद्दे पर 'एनएनआई प्राइम न्यूज' की टीम ने जनहित में जानकारी हासिल की।**

## एलपीजी कनेक्शन के नाम हस्तांतरण से जुड़े सामान्य सवाल

**प्र. मैं अपना कनेक्शन अपने बेटे के नाम पर कैसे हस्तांतरित करूं?**

उ. अब परिवार के किसी सदस्य के नाम पर कनेक्शन हस्तांतरित करने की अनुमति है। यदि परिवार के जिस सदस्य के नाम पर कनेक्शन हस्तांतरित किया जा रहा है, उसके पास पहले से एलपीजी कनेक्शन नहीं है, तो आप अपने वितरक को निम्न दस्तावेजों के साथ आवेदन दे सकते हैं :

1. हस्तांतरण प्राप्त करने वाले का केवाईसी
2. पते और पहचान का प्रमाण
3. आपके नाम पर मूल सदस्यता वाउचर (एसवी) (यदि एसवी उपलब्ध नहीं है तो शपथपत्र दें)
4. हस्तांतरण प्राप्त करने वाले का घोषणा पत्र

केवाईसी सत्यापित किया जाएगा। हस्तांतरण के लिए बताए गए पते पर एक से अधिक कनेक्शन की जांच की जाएगी। इसके बाद वितरक हस्तांतरण प्राप्त करने वाले के नाम पर नया सदस्यता वाउचर जारी करेगा। सुरक्षा जमा राशि वही रहेगी, जो मूल एसवी में दर्ज थी।

**प्र. मैं अपने दिवंगत पिता का कानूनी वारिस हूं। उनका एलपीजी कनेक्शन अपने नाम पर कैसे हस्तांतरित करूं?**

उ. कानूनी वारिस के नाम पर कनेक्शन हस्तांतरण की प्रक्रिया अब आसान कर दी गई है। यदि हस्तांतरण प्राप्त करने वाले (कानूनी वारिस) के पास पहले से एलपीजी कनेक्शन नहीं है, तो आप अपने वितरक को निम्न दस्तावेजों के साथ आवेदन दे सकते हैं :

1. कानूनी वारिस का घोषणा पत्र
2. मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति
3. कानूनी वारिस का केवाईसी
4. पते और पहचान का प्रमाण
5. दिवंगत व्यक्ति के नाम पर मूल सदस्यता वाउचर (एसवी) (यदि एसवी उपलब्ध नहीं है तो शपथपत्र दें)

केवाईसी सत्यापन के बाद बताए गए पते पर एक से अधिक कनेक्शन की जांच की जाएगी। इसके बाद वितरक हस्तांतरण प्राप्त करने वाले के नाम पर नया सदस्यता वाउचर जारी करेगा। सुरक्षा जमा राशि मूल एसवी के अनुसार ही रहेगी।

**प्र. मैं अपना एलपीजी कनेक्शन किसी अन्य व्यक्ति को कैसे हस्तांतरित कर सकता हूं?**

उ. जिस व्यक्ति के पास वैध एलपीजी कनेक्शन और आवश्यक दस्तावेज हैं, वह परिवार से बाहर के किसी व्यक्ति के नाम पर भी कनेक्शन हस्तांतरित कर सकता है। जिस व्यक्ति के नाम पर कनेक्शन हस्तांतरित किया जाना है, उसे केवाईसी प्रपत्र भरना होगा तथा पहचान प्रमाण और पते का प्रमाण संलग्न करना होगा। दोनों व्यक्तियों, यानी हस्तांतरणकर्ता और हस्तांतरण प्राप्तकर्ता, को विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा पत्र जमा करना होगा। केवाईसी और घोषणा पत्र दोनों वितरक को जमा करने होंगे। ऐसे मामलों में हस्तांतरण के समय लागू सुरक्षा जमा राशि देय होगी।

**प्र. क्या हस्तांतरणकर्ता की सहमति पत्र के बिना एलपीजी कनेक्शन हस्तांतरित किया जा सकता है?**

उ. यदि किसी व्यक्ति के पास सदस्यता वाउचर और उपकरण उपलब्ध हैं, लेकिन वह हस्तांतरणकर्ता से सहमति पत्र लेने की स्थिति में नहीं है, तो वह कनेक्शन अपने नाम पर हस्तांतरित करवा सकता है। जिस व्यक्ति के नाम पर कनेक्शन हस्तांतरित किया जाना है, उसे केवाईसी प्रपत्र भरना होगा तथा पहचान प्रमाण और पते का प्रमाण संलग्न करना होगा। साथ ही विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा पत्र भी जमा करना होगा। केवाईसी और घोषणा पत्र दोनों वितरक को जमा करने होंगे।

## योगी सरकार बिना भेदभाव के सतत विकास के लिए संकल्पित – योगेंद्र उपाध्याय

- कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विकास कार्यो का किया लोकार्पण
- चारसू दरवाजा क्षेत्र में पार्क सौंदरीकरण और निर्माण का योगेंद्र उपाध्याय ने किया शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 10 चारसू दरवाजा क्षेत्र स्थित नवनिर्मित पार्क का विधिवत शुभारंभ कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों द्वारा कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

विगत कई वर्षों से पार्क की बाउंड्री वॉल टूटी पड़ी हुई थी जिसकी वजह से आवारा पशुओं का आवागमन रहता था। जिसकी वजह से क्षेत्रीय बच्चों के खेलने एवं बुजुर्गों के टहलने में परेशानी होती थी। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विधि विधान के अनुसार नवनिर्मित पार्क की बाउंड्री वॉल और सौंदर्य करण कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहा प्रदेश की योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के सतत विकास के लिए संकल्पित है। पिछली सरकारों में विकास के नाम पर जनता से सिर्फ छलावा होता था। विकास कार्य जाति और धर्म और समाज को देखकर किए जाते थे। लेकिन केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास भावना से विकास कार्य हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने जन चौपाल में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। मंत्री ने कहा कि सरकार क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए काम कर रही है।

विकास कार्यों के शुभारंभ के दौरान कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने जन चौपाल लगाकर क्षेत्रीय लोगों की जन समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा क्षेत्र में सतत रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अभी और भी कार्य क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। जिनके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं के सतत समाधान का विश्वास दिलाया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, मण्डल अध्यक्ष राजेश प्रजापति, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्यामबाबू शर्मा, अश्वनी शर्मा, मनोज राठौर, राहुल सिसौदिया, मोनू शर्मा सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## मातृशक्ति सम्मान समारोह में गूंजा माँ के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव

**आगरा (एनएनआई)।** मानव सेवा समर्पित सामाजिक सेवा समिति के तत्वावधान में मदर्स डे के अवसर पर मदर्स डे सम्मान समारोह का आयोजन कर्मयोगी गऊशाला, कमला नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने माँ को प्रेम, त्याग, संस्कार और समर्पण की जीवंत प्रतिमा बताते हुए उनके सम्मान में अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के दौरान मातृशक्ति का पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रेखा बंदिल, लीना बंदिल, साधना अग्रवाल, रजनी दुबे एवं रचना गोयल का सम्मान किया गया। समारोह में सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल, नीरज बंदिल, प्रिंस बंसल, विनय सिंगल, संतोष गोयल, तरुण अग्रवाल, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# स्व-जनगणना कर देश की प्रगति में अपनी सहभागिता करें सुनिश्चित : शुभांगी शुक्ला

## आमजन को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करने हेतु की गई अपील

एनएनआई

**आगरा।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण 21 मई तक संचालित किया जा रहा है,जिसके अन्तर्गत जिलाधिकारी मनीष बंसल जी के निदेर्शानुसार, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी शुभांगी शुक्ला, उप जिलाधिकारी नीलम तिवारी की उपस्थिति में स्व-गणना अभियान के अंतर्गत विशेष दिवस मीडिया-डे का आयोजन सर्किट हाउस सभागार में किया गया। कार्यक्रम में स्व-गणना कैसे करें आदि विषयक पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई तथा तद संबंधी लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओं तथा उनके परिवारिजनों का स्व-गणना पोर्टल पर सूचना दर्ज करा कर मास्टर ट्रेनर द्वारा स्व-गणना कराई गई। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित समस्त सम्मानित पत्रकार बंधुओं को स्व-गणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही मकान गणना से संबंधित




आवश्यक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक ब्रीफिंग की गई। मास्टर ट्रेनर द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि मकान गणना एवं जनगणना से संबंधित सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जायेंगी तथा इनका उपयोग केवल अधिकृत जनगणना कार्यों के लिए किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व/जिला जनगणना अधिकारी शुभांगी शुक्ला द्वारा इस अवसर पर पत्रकार वार्ता करते हुए बताया गया कि सभी स्व-गणना कर देश की प्रगति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी स्वयं स्व-गणना करें तथा अपने आसपास रहने वाले, संबंधी,आमजन आदि को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। मकान गणना की पूरी सूचनाओं एवं जनगणना के उपरांत प्राप्त होने वाला अंक पूरी तरह से गोपनीय रहेगा। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 देश के विकास, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहितकारी नीतियों के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना प्रपत्र भरें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, जिससे जनगणना कार्य सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# सेवा और त्याग की राजनीति से ही बदलेगा देश : अजय राय

## गांधीवादी विचारों, सामाजिक समरसता और जनसेवा के संदेश के साथ हुआ समारोह

- वोट के बदले सामान बांटकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है : अजय राय
- डबी सरीन बोले – खाली हाथ आए थे, लेकिन समाज को कुछ देकर ही जाएंगे



एनएनआई

**आगरा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पांच बार सांसद रहे सेठ अचल सिंह की 132वीं जयंती पर माथुर वैश्य सभागार, पचकुइयां में अचल ट्रस्ट द्वारा भव्य एवं गरिमामय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांधीवादी विचारधारा, सामाजिक समरसता और जनसेवा के मूल्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

अपने संबोधन में कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज देश में सेवा और त्याग की राजनीति की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वोट के बदले सामान बांटकर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है और बदले की राजनीति का वातावरण बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि प्रदेश में विकास केवल कागजों तक सीमित है। उन्होंने कहा कि आगरा में पानी, बिजली और सड़क जैसी मूलभूत समस्याएं आज भी बरकरार हैं।

उन्होंने स्मार्ट मीटर योजना को बड़ा घोटाला बताते हुए कहा कि सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए केवल दिखावे की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शराब और भू-माफियाओं का बोलबाला है जबकि बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रों में आज तक अपेक्षित विकास नहीं हो सका।समारोह में समाजसेवी एवं उद्यमी डबी सरीन को नैतिक नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीडी जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा काजल कुमारी को विज्ञान वर्ग में जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित कर छात्रवृत्ति प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय की 10 अन्य छात्राओं को भी स्कॉलरशिप दी गई।

इस अवसर पर भारत भूषण, दिनेश बाबू शर्मा, प्रदीप पुरी, अमित शर्मा, नम्रता, अशोक शिरोमणि, रमाशंकर शर्मा, राम टंडन, पीसी नरवर, संजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# मां को जीवन संध्या में सेवा की होती है अधिक जरूरत

## मदर्स डे पर धरा चेतना फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन,




एनएनआई

**आगरा।** माता का जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है, माता को उनके बच्चों की सबसे ज्यादा जरूरत उनकी जीवन संध्या में पड़ती है, वृद्धावस्था के वक्त माता को शारीरिक व भावनात्मक रूप से बच्चों के भरपूर सहारे की जरूरत होती है। तभी माता की सेवा करके हम अपने जीवन को भी सार्थक बना सकते हैं। यह विचार वक्ताओं ने मदर्स डे प्रोग्राम में वक्ताओं ने व्यक्त किए। धरा चेतना फाउंडेशन के दयालबाग स्थित कम्यूनिटी हॉल में मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें विशेष प्रेरणादायी पहल यह रही कि फाउंडेशन द्वारा समय के महत्व को सम्मान देने हेतु नई परंपरा की शुरूआत की। कार्यक्रम में जो चार महिलाएँ सर्वप्रथम समय पर उपस्थित हुईं, उनके करकमलों द्वारा दीप प्रज्जवलन कराया गया। इस सुंदर पहल का उद्देश्य समाज में समय की महत्ता एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में महिलाओं ने मातृत्व, विद्यार्थियों की जीवनशैली एवं पारिवारिक संस्कारों पर विचार साझा किए। श्रुति ने संबोधन में कहा कि उनकी पुत्रवधू के साथ उनके संबंध बिल्कुल वैसे ही हैं जैसे एक माँ और बेटी के होते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. नवीन गुप्ता ने भी एक प्रेरणादायी सत्र लिया, जिसमें कि उन्होंने वर्तमान समय में माताओं की भूमिका, बच्चों के जीवन में उनके महत्व तथा उनकी अद्भुत शक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ.महेश धाकड़, श्याम कपूर, बरखा सिंह, नरेश कुमार तन्हा आदि भी मौजूद थे।



# यमुना मैया की भक्ति व आरती कर मनाया मदर्स डे

एनएनआई

**आगरा।** मदर्स डे के अवसर पर यमुना आरती स्थल पर रिवर कनेक्ट कैंपेन द्वारा आयोजित विशेष सेवा, पूजा और आरती कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुआ। शीतल मंद बयार, यमुना नदी का शांत किनारा और आध्यात्मिक माहौल पूरे आयोजन को अलौकिक आभा दे रहा था। बड़ी संख्या में जुटे भक्तों ने मां यमुना की आराधना कर शहरवासियों की ओर से पूरे जोश और उत्साह के साथ मदर्स डे मनाया।



कार्यक्रम का शुभारंभ यमुना मैय्या के दुग्धाभिषेक, विशेष पूजा और अर्चना से हुआ। श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार और प्रार्थनाओं के बीच मां यमुना का पूजन किया। इसके बाद दीपों और घंटियों की गूंज के बीच भव्य यमुना आरती आयोजित की गई, जिसमें पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

रिवर कनेक्ट कैंपेन के संयोजक बृज खंडेलवाल ने कहा कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा और जीवन की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि मां की तरह यमुना सदियों से समाज का पालन पोषण करती आई हैं, लेकिन आज वही जीवन दायिनी नदी प्रदूषण और उपेक्षा का दर्द झेल रही है। उन्होंने नागरिकों से यमुना संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने नदी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। इसके बाद श्री विशाल झा के निर्देशन में भजन, सामूहिक गायन और कराओके प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। पंडित हरि दत्त शर्मा ने मां यमुना के सम्मान में भजन गाकर समां बांध दिया। श्रद्धालुओं ने मां यमुना की महिमा से जुड़े गीत गाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम समारोह में सर्वश्री राज कुमार माहेश्वरी, डॉ मुकुल पांड्या, डॉ देवाशीष भट्टाचार्य, डॉ हरेंद्र गुप्ता, डॉ मुनीश्वर गुप्ता, गोस्वामी नंदन श्रोतरीय, डॉ ज्योति खंडेलवाल, चतुर्भुज तिवारी, सतीश गुप्ता, दीपक राजपूत, पद्मिनी अय्यर, मीरा खंडेलवाल, मुकेश चौधरी, होतेंद्र सिंह, अमित लवानिया, उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक एकता का सुंदर संगम बन गया।

# शिविर में 150 यूनिट रक्त किया संग्रह

एनएनआई

**आगरा।** समर्पण रक्तदान बैंक, देहली गेट पर प्रयास एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने उपस्थित रक्तदाताओं एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं आयोजकों की सराहना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए तथा समाजहित में किए जा रहे इस पुनीत कार्य की प्रशंसा की।




इस दौरान प्रयास एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, सचिव अंशुल जैन, कोषाध्यक्ष तुषार अग्रवाल, सदस्य अंकुश गुप्ता, अभिषेक बंसल, हिमांशु जैन एवं श्री आदित्य माहेश्वरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अभियान को लेकर उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने की बैठक

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ आगरा-मण्डल के कार्यकताओं की बैठक आहूत किया गया है। बैठक की अध्यक्षता हरि बल्लभ दीक्षित मण्डल अध्यक्ष ने किया।

मुख्य अतिथि रुपम पाण्डेय महामंत्री प्रयागराज जोन, विशेष आमंत्रित सदस्य श्याम शुक्ला, सदस्य राकेश अवस्थी रहे। बैठक का संचालन बंशी बदन झा ने किया।

बैठक में महामंत्री ने रेलवे द्वारा 30 हजार पद सिलेंडर करने के निर्णय के विरूद्ध उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ द्वारा 15 मई से 22 मई के बीच विभिन्न कार्यालयों पर सामुहिक बैठक जनजागृति अभियान चलाया जायेगा। 22 मई को विरोध प्रदर्शन करने के उपरांत रेलवे चेयरमैन के नाम ज्ञापन मण्डल रेल प्रबंधक को सौंपा जायेगा तथा 28 मई को सभी जोनल मुख्यालय पर भी ज्ञापन दिया जाना सुनिश्चित हुआ है। मण्डल अधिवेशन कराना, शाखा की प्रत्येक माह बैठक, सदस्यता अभियान पर विशेष जोर देने को कहा।





## गायों को कराया भोजन, पक्षियों के लिए जलपात्र बांटे

**आगरा एनएनआई।** लीडर्स आगरा परिवार ने आज संस्था के संरक्षक तपन ग्रुप के स्वामी सुदीप गर्ग के जन्मदिन पर चिंताहरण मंदिर गौशाला मे गायों को भोजन प्रसादी, फल खिलाये। उसके बाद खतैना रोड पर मे पक्षियों के लिए पीने के पानी के मिट्टी के बर्तन लोगों को वितरित किये। इस मौके पर सुनील जैन, सुनील बग्गा, राहुल जैन, प्रभुदयाल सिंह, डॉ अशोक कुशवाह, रौबिन जैन, अवधेश उपाध्याय, उपेंद्र जैन सुशील जैन, अनुज जैन आदि उपस्थित थे

# विवि की छात्राओं को दिया गया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**आगरा एनएनआई।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के महिला प्रकोष्ठ द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को खंदारी परिसर स्थित होम साइंस गर्ल्स हॉस्टल में आग लगने की स्थिति में सुरक्षा एवं बचाव विषय पर एक विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन माननीय कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों में सजग, आत्मनिर्भर एवं साहसी बनाना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अग्निशमन केंद्र (फायर स्टेशन) अधिकारी श्री सोमदत्त सोनकर एवं उनकी टीम रही। उन्होंने छात्राओं को बिजली, गैस तथा रसायनों से लगने वाली आग के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए प्रत्येक स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों एवं तकनीकों को विस्तार से समझाया। साथ ही आधुनिक अग्निशमन उपकरणों (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। यह कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक एवं मिशन शक्ति की सह-नोडल अधिकारी प्रो. अर्चना सिंह तथा महिला प्रकोष्ठ की सह-समन्वयक डॉ. नीलम यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डॉ. रत्ना पाण्डेय का विशेष सहयोग भी उल्लेखनीय रहा।



# 'स्किल गैप ब्रिजिंग' से दूर होगी युवाओं की झिझक, विदेशों में नौकरी के खुलेंगे द्वार

एनएनआई

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार लगातार नए और प्रभावी कदम उठा रही है। इसी दिशा में यूपी रोजगार मिशन के तहत 'स्किल गैप ब्रिजिंग' (ट'' ॠह्रत्र इर्श्ल्लॉ) कार्यक्रम की एक अनूठी पहल शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मौजूद तकनीकी और भाषाई कमियों को दूर कर उन्हें वैश्विक स्तर की नौकरियों के लिए तैयार करना है। इसके तहत मंडल स्तर के सेवायोजन कार्यालयों को हाई-टेक किया जा रहा है, जहां अंग्रेजी भाषा, कंप्यूटर ज्ञान और सॉफ्ट स्किल्स का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' विजन को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार तेजी से धरातल पर उतार रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के मंडल स्तरीय सेवायोजन कार्यालयों में 'स्मार्ट क्लास' और 'वीडियो वॉल' स्थापित की जा रही हैं। आगरा में इसके लिए जरूरी उपकरण भी पहुंच चुके हैं। इन स्मार्ट कक्षाओं में विशेषज्ञ ट्रेनर तैनात किए जाएंगे, जो बेरोजगार युवाओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित कर उन्हें सीधे रोजगार से जोड़ेंगे।




'स्किल गैप ब्रिजिंग' कार्यक्रम के तहत ऑडियो- विजुअल और डिजिटल सामग्री का भरपूर उपयोग किया जाएगा। इससे प्रशिक्षण न केवल रोचक होगा, बल्कि युवाओं के लिए जटिल विषयों को समझना भी बेहद आसान हो जाएगा। स्मार्ट क्लास में युवाओं के अलग- अलग बैच बनाकर उनकी संवाद कौशल की कमियों पर काम किया जाएगा। बड़े स्क्रीन वाली वीडियो वॉल के जरिए ग्रुप ट्रेनिंग, सेमिनार, वर्कशॉप और लाइव सत्र आयोजित होंगे। इससे युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे नौकरी की प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़े हो सकेंगे।

आजकल उत्तर प्रदेश के कुशल युवाओं की मांग देश के साथ- साथ विदेशों में भी तेजी से बढ़ रही है। विशेषकर जापान, जर्मनी और इजराइल में पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य तकनीकी क्षेत्रों में यूपी के युवाओं को अच्छे पैकेज मिल रहे हैं। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक (सेवायोजन) चंद्रचूड़ दुबे ने इस योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि मुख्यालय के निर्देश पर आगरा सहित मंडल स्तर के जिलों में स्मार्ट क्लास और वीडियो वॉल बनाई जा रही है। इसका सारा उपकरण हमें प्राप्त हो चुका है। इसके जरिए हम युवाओं के 'स्किल गैप' को दूर करेंगे। हमारे ट्रेनर युवाओं को अंग्रेजी, कंप्यूटर और अन्य सॉफ्ट स्किल्स को इंटरएक्टिव तरीके से दक्ष करेंगे।

# परशुराम शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, दिखा उत्साह

एनएनआई



**फतेहाबाद।** कस्बा फतेहाबाद में रविवार को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, युवाओं और महिलाओं ने भाग लेकर भगवान परशुराम के जयघोष किए। पूरे कस्बे में धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

शोभायात्रा का शुभारंभ शिवहरि मुद्गल धर्मशाला, बाह रोड से हुआ। यात्रा बाह रोड, गांधी चौक, सदर बाजार, अंबेडकर चौक और रोडवेज बस स्टैंड से होते हुए ब्लाक कार्यालय के सामने स्थित गोवर्धन कोल्ड स्टोरेज पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा, अशोक दीक्षित, भाजपा नेता एवं भगवान परशुराम ब्राह्मण महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू शर्मा, अभय सैथिया, नरेंद्र समाधिया, पंकज शर्मा और आरती शर्मा मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक मधुसूदन शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति, शौर्य और धर्म रक्षा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि समाज को भगवान परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष का संदेश दिया था। युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में संगठन और संस्कारों को मजबूत करना चाहिए।

इस दौरान श्रीकृष्ण दीक्षित, सतीश तिवारी, भानू शर्मा, अजय शर्मा, राजेश शर्मा, रतिराम तिवारी, शिवहरि मुद्गल, राजकुमार समाधिया, प्रमोद रावत, मनीष पाराशर, प्रदीप पलिया, प्रवीन शर्मा, शिवकुमार शर्मा प्रधान, सुभाष समाधिया, नवलकिशोर तिवारी, धीरेन्द्र शास्त्री, गिर्राज शर्मा, गौरव पाराशर, सुभाष शर्मा, झुन्नीलाल शर्मा, विष्णु शर्मा, मुनेश समाधिया, आनंद शर्मा और अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



## फार्मर रजिस्ट्री को राजस्व टीम के साथ नायब तहसीलदार ने डाला डेरा, लगाया गया शिविर

**बाह एनएनआई।** फार्मर रजिस्ट्री के लिए बाह तहसील में गांव रुदमुली को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। रविवार को गांव में डेरा जमाए रहे नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष ने बताया कि गांव में शत प्रतिशत रजिस्ट्री पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर लगा कर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई। शिविर में किसानों द्वारा अंश संसोधन एवं वारिसी की समस्याएं उठाई। जिनका मौके पर ही राजस्व टीम ने निस्तारण कर फार्मर रजिस्ट्री की। नायब तहसीलदार ने शिविर में किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने के साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराए जाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लेखपाल कार्तिकेय तोमर, श्रद्धा भदौरिया, प्रियंका, सतेन्द्र उपाध्याय आदि रहे।

## पिछले हफ्ते आई तेज आंधी में गिरे पेड़ को लेकर दो पक्षों में संघर्ष, पांच घायल

**फतेहाबाद एनएनआई।** थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लापुरा में पिछले हफ्ते आई तेज आंधी में गिरे पेड़ को काटने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष हो गया। दोनों ओर से चले लाठी-डंडों में पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पिछले हफ्ते तेज आंधी में एक पेड़ छत्रपाल पुत्र वीरेंद्र सिंह के खेत में गिर गया था। शनिवार को छत्रपाल के भतीजे अनिल ने पेड़ की कुछ डालियां काट लीं। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

संघर्ष में छत्रपाल पुत्र वीरेंद्र सिंह, मनीष पुत्र कल्याण सिंह, सुपेंद्र पुत्र सत्यवीर, निवेदन पुत्र निरंजन सिंह और सत्यवीर पुत्र निरंजन सिंह घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए फतेहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती से अभद्रता, शिकायत पर मां, भाभी को पीटा

**बाह एनएनआई।** क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले उनकी बेटी अपनी भतीजी को स्कूल छोड़ने के लिए गई थी। रास्ते में मिले गांव के करुआ ने बेटी से बोला कि ज्यादा नक्शे में रहती है। विरोध करने पर बेटी को भद्दी गालियां दीं। घर पर आई बेटी ने अपनी मां एवं भाभी को करुआ की करतूत बताई। जिस पर दोनों बेटी को लेकर करुआ के घर पर शिकायत करने पहुंचे तो करुआ और उसके भाई तथा एक अन्य ने डंडा, लोहे की फुंकनी एवं कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे बेटी और उसकी मां घायल हो गई। पुलिस ने घायलों का मेडीकल कराया था।

## टीम इंडिया राइजिंग ने मनाया मदर्स डे

**आगरा एनएनआई।** टीम इंडिया राइजिंग का का अभियान प्राइमरी विद्यालय, बुढ़ान सैयद में चालाया गया। यहाँ टीम के सदस्यों ने मदर्स डे पर इस अभियान में आकर्षक पेंटिंग बनाई एवं बच्चों को सेव वाटर, सेव अर्थ व सेव ट्री की पेंटिंग्स बनाकर जागरूक भी किया। आज के अभियान में स्कूल की तरफ से राजीव वर्मा के साथ युवा टीम के सदस्यों ने भी भाग लिया।



मदर्स डे पर टीम की नारी शक्ति का सम्मान भी हुआ। टीम इंडिया राइजिंग की संगीता राठौर, तरंग त्रिपाठी, तरंग त्रिपाठी, रेखा टंडानी, निशा गुप्ता, दिव्या गुप्ता, नीतू सिंह, रजनी अग्रवाल, पूजा भौमिक, हर्षिका सिंह, रश्मि चोपड़ा आदि का सम्मान हुआ। अभियान में अमिताभ गुप्ता, उदित गर्ग, अमित कोहली, चतुर्भुज तिवारी, संदीप सिंह, मुकेश शर्मा, दीपक सिंह, डॉ मनोज राजपूत, सुनील बग्गा, दिलीप वर्मा, ऋषभ ठाकुर, सुन्दरलाल चेतवानी, राहुल कुमार, जीतू सोलंकी, विप्लव जैन, उमंग गुप्ता, अमित टंडानी अवधेश उपाध्याय आदि ने भाग लिया।

## 101 दीपकों से मां लिखकर मनाया मातृ दिवस

**फतेहपुर सीकरी एनएनआई।** गांव पाली में मातृ दिवस के अवसर पर कोरोना वॉरियर ऋषि एवं बॉक्सर रामू ने अनोखे अंदाज में कार्यक्रम आयोजित कर माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। दोनों भाइयों ने काली मां मंदिर के समक्ष 101 मिट्टी के दीपक जलाकर उनसे मां लिखते हुए मातृ दिवस मनाया। इस दौरान ऋषि और रामू ने कहा कि मातृ दिवस मां के असीम त्याग, समर्पण और निस्वार्थ प्रेम को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु और रक्षक होती है तथा समाज में माताओं एवं बहनों को सदैव उच्च सम्मान मिलना चाहिए। कोरोना वॉरियर ऋषि ने कहा कि जिस प्रकार मां अपने बच्चों की रक्षा करती है, उसी प्रकार मां काली धर्म और संस्कृति की रक्षा का संदेश देती हैं। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।



## एक्सप्रेसवे पर चला सघन चेकिंग अभियान, ड्रिंक एंड ड्राइव में छह चालान



**फतेहाबाद एनएनआई।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात और रविवार को पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव के छह चालान किए गए। अभियान के दौरान सैकड़ों वाहनों की जांच होने से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

डीजी ट्रैफिक के निर्देश पर शनिवार और रविवार को एक्सप्रेसवे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसीपी फतेहाबाद इमरान अहमद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर अभियान चलाया। इस दौरान ट्रक, रोडवेज एवं प्राइवेट बसों के अलावा कारों को रोककर जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की, जिसमें छह चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए। सभी के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत चालान की कार्रवाई की गई।

## जन्म के बाद शुरूआती मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण- डॉ. खुशबू केसरवानी

**आगरा एनएनआई।** नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम (एनएनएफ) इंडिया व एनएचएम के समन्वय द्वारा रविवार को जिला महिला अस्पताल (लेडी लॉयल) में एसआईसी डॉ. पुष्पलता के निर्देशन में नियोनटल रिससिटेशन प्रोग्राम(एनआरपी) दिवस मनाया गया। इस दौरान 55 स्वास्थ्य कर्मियों को बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. खुशबू केसरवानी, डॉ. प्रवीन कुमार द्वारा नवजात के जन्म होने के बाद सांस न आने पर उनकी जान बचाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। डॉ. राजेश मिश्रा ने शिशु के जन्म से पूर्व लेबर रूम में की जाने वाली तैयारियों और सक्रियता को लेकर प्रशिक्षण दिया। डॉ. खुशबू केसरवानी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि शिशु की सामान्य देखभाल एवं शिशु पुनर्जीवन प्रारंभिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में नवजात मृत्यु एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। इन मौतों का एक बड़ा कारण जन्म के समय शिशु का सांस शुरू न कर पाना है। जन्म के बाद के शुरूआती कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा समय पर सहायता से इन रोकी जा सकने वाली मौतों को टाला जा सकता है। शिशुओं को जन्म के समय सांस दिलाने की सरल और वैज्ञानिक तकनीकें जीवन बचा सकती हैं।



## संपादकीय

# सत्ता परिवर्तन पर भी नहीं बदला बंगाल 'रक्त-चरित्र'

छिटपुट हिंसा की घटनाओं के बावजूद पश्चिम बंगाल में कमोबेश शांतिपूर्ण मतदान हुआ था। लेकिन चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हो रही हिंसा की घटनाएं परेशान करने वाली हैं। बेशक पश्चिम बंगाल में परिवर्तन का जनादेश दिया गया है।लेकिन बंगाल का रक्त-चरित्र नहीं बदला है। पांच राजनीतिक हत्याएं की जा चुकी हैं। उनमें घोर निर्मम हत्या मुख्यमंत्री सुवेन्दु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की है। दरअसल यह हत्या ही बंगाल के रक्तचरित्र को बयां करती है। हालांकि चुनाव और जनादेश के बाद भाजपा कार्यकर्ता मधु मंडल और तृणमूल के कार्यकर्ता अबीर शेख की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। कांग्रेस कार्यकर्ता को भी मारा गया है, जबकि बंगाल में कांग्रेस के अवशेष ही बचे हैं।विडंबना ही है कि चुनाव आयोग द्वारा राज्य के अधिकारियों को विजय जुलूसों पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश देने के बाद भी दोनों दलों के कार्यकताओं के बीच हिंसक झड़पें हुई हैं। दरअसल, पंद्रह साल से सत्ता में काबिज रही टीएमसी पर भाजपा की बड़ी जीत ने दोनों पार्टियों के बीच तनाव को बढ़ाया है। यही वजह है कि भारतीय चुनाव आयोग पर हमलावर होते हुए ममता बनर्जी ने केवल चुनाव परिणामों को ही खारिज नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने तक से मना कर दिया तो उनकी इस घोषणा ने लंबे समय से जारी टकराव को बढ़ाने का काम ही किया।अब जनादेश के बाद उन दफ्तरों को छुड़ाने के लिए उत्पात मचाए जा रहे हैं, जिन पर किसी अन्य दल ने कब्जा कर लिया था। इस तरह की घटनाओं से आम जनता में डर का माहौल पैदा होता है। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की निशानी नहीं है, जहां हार-जीत के बाद खून बहाया जाने लगे। यह सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियों पर भी बहुत बड़ा सवाल है कि 2024 लोकसभा चुनाव, 2021 विधानसभा इलेक्शन या 2018 के पंचायत चुनावों के बाद हुई हिंसा से क्या नसीहत ली गई। बंगाल की विडंबना रही है कि लगभग हर बार चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद राज्य हिंसक घटनाओं की चपेट में आ जाता है, जिसकी कीमत अक्सर आम लोगों को चुकानी पड़ती है।

राजनीतिक हिंसा और हत्याओं में बंगाल देश में शीर्ष स्थान पर है। यह राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का आंकड़ा है। इस बार भी 400 से अधिक जगहों पर हिंसा, तोडफोड़, आगजनी की घटनाएं हुई हैं। 200 से अधिक अप्राथमिकी दर्ज की गई हैं, 433 लोगों की गिरफ्तारियां की गई हैं और करीब 1100 लोग हिरासत में लिए गए हैं। राज्य में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 2.40 लाख जवान तैनात किए गए थे। सीएपीएफ की 500 कंपनियां और तैनात की जा रही हैं, लेकिन बंगाल का ह्यरक्तचरित्रह्ण यथावत है, कोई अंकुश नहीं, कोई बदलाव नहीं। बेशक प्रधानमंत्री मोदी बदला नहीं, बदलाव की अपील करते रहें। इस बार चुनाव के दौरान अपेक्षाकृत बहुत कम हिंसा हुई। हत्या कोई नहीं हुई थी, लेकिन चुनाव और जनादेश के बाद बंगाल का ह्यरक्तरंजितह्ण चरित्र सामने आ गया। यह निर्विवाद सत्य है कि किसी भी हिंसा की कीमत आखिर आम जनता को ही चुकानी पड़ती है। यदि पश्चिम बंगाल के राजनीतिक इतिहास पर नजर डालें तो पाते हैं कि राज्य की राजनीति में अपराध जगत से जुड़े व दबंग किस्म के लोग दखल देते रहे हैं। कभी वे राजनीतिक दलों के लिए बूथ लूटने का काम किया करते थे। एक समय वामपंथी सरकार में दखल रखने वाले ये लोग कालांतर तृणमूल कांग्रेस के लिये काम करने लगे थे। दरअसल, ये लोग अपनी सुविधा के हिसाब से राजनीतिक शरण लेकर अपने मंसूबों को पूरा करते रहे हैं।जाहिर है,अब राज्य में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है तो वे भाजपा की छतरी के नीचे आने की कोशिश कर रहे होंगे।यही वजह है कि भाजपा की तरफ से कहा जा रहा है कि अब तक टीएमसी से जुड़े रहे कुछ लोग खुद को भाजपा का बता रहे हैं। शुभेंदु अधिकारी को यहां तक कहना पड़ा कि जब तक भाजपा किसी व्यक्ति को पार्टी का सदस्य न बनाये तब तक वह व्यक्ति खुद को भाजपा का नहीं बता सकता है।

नई सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी बंगाल में अमन-चैन कायम करने की। चुनाव के दौरान जो सियासी तकरार राजनीतिक दलों के बीच होती है, उसका असर सामाजिक ताने-बाने पर नहीं पड़ना चाहिए।कायदे में चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ममता को सदाशयता का परिचय देते हुए कार्यकताओं से शांत रहने की अपील राज्य हित में करनी चाहिए। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा को भी अपने कार्यकताओं को शांत रहने के लिये प्रेरित करना चाहिए। उन्हें चुनाव परिणाम सामने आने के बाद हिंसा से परहेज करना चाहिए। यही लोकतंत्र की प्रतिष्ठा भी है।राज्य में हालात फिर से बिगड़ सकते हैं।

# डायरिया

## गर्मियों की एक आम बीमारी



डायरिया यानी दस्त ऐसी स्थिति है जब पतला मल बार बार आता है। डायरिया यूं तो हर मौसम में होता है लेकिन गर्मियों और बरसात के मौसम में इसका ज्यादा कहर छाता है। शरीर में वायरस संक्रमण और बैक्टीरिया का हमला डायरिया के सबसे आम कारण हैं। डायरिया वयस्कों के साथ साथ बच्चों में भी आम बीमारी है। यूं तो डायरिया कुछ दिनों में अपने आप ही ठीक हो जाता है लेकिन अगर ये लंबे समय तक रहे तो शरीर में पानी की कमी हो जाती है और शरीर डिहाइड्रेशन का शिकार हो जाता है। ऐसे में शरीर कई गंभीर स्थितियों का शिकार हो सकता है जिसके लिए इलाज की जरूरत पड़ती है। चलिए इस लेख में जानते हैं कि डायरिया क्यों होता है और इसके लक्षण क्या हैं। साथ ही जानेंगे इसकी जांच के साथ साथ इससे बचाव के तरीके और उपचार के बारे में सब कुछ।

### डायरिया क्या है

डायरिया में शरीर बार बार पतले और पानी जैसे मल का त्याग करता है। मरीज को दिन में तीन या उससे ज्यादा बार मल त्याग आता है। देखा जाए तो डायरिया की स्थिति बैक्टीरियल संक्रमण, फूड पॉइजनिंग या डाइजेशन संबंधी दिक्कतों का लक्षण हो सकती है। डायरिया अगर लबे समय तक रहे तो शरीर में पानी के साथ साथ दूसरे पोषक तत्वों की भी कमी हो जाती है। आमतौर पर डायरिया कम दिन चलने वाली स्थिति है और लक्षणों की पहचान करके इसे मैनेज करना आसान हो जाता है। डायरिया ऐसी आम बीमारी है जो हर उम्र के व्यक्ति को कभी भी प्रभावित कर सकती है।

### डायरिया के कारण

डायरिया का मुख्य कारण यूं तो वायरस को माना जाता है। ऐसा वायरस जो सीधे तौर पर आंतों की सेहत को प्रभावित करता है। इसके अलावा डायरिया के अन्य कारण भी हो सकते हैं जो इस प्रकार हैं

इंफेक्शन वायरस यानी संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया या परजीवी शरीर में घुसकर डाइजेशन को खराब कर डालते हैं जिससे डायरिया होता है।

फूड पॉइजनिंग दूषित भोजन और पानी के सेवन के चलते शरीर फूड पॉइजनिंग का शिकार हो जाता है। ऐसे में डायरिया हो जाता है।

दवाएं कुछ दवाएं भी अपने साइड इफेक्ट के तौर पर डायरिया का कारण बन जाती हैं।

**डायरिया के लक्षण कैसे होते हैं?**

अगर कोई व्यक्ति दिन में तीन बार से ज्यादा मल त्याग कर रहा है और मल पानीदार है तो ये डायरिया का



सबसे बड़ा लक्षण है। डायरिया के सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं

**पतले दस्त आना**
**दस्त में खून आना**
**तीन या उससे ज्यादा बार मल आना**
**ब्लोटिंग यानी पेट फूलना**
**जी मिचलाना**
**बार बार मल त्याग का प्रेशर महसूस होना**
**उल्टी महसूस होना**
बुखार आना
**पेट में ऐंठन महसूस होना**
**बार बार प्यास महसूस होना**)
**थकान हावी होना**
**चक्कर आना**
**भूख में कमी आना**

### डायरिया की जांच किस तरह होती है?

डॉक्टर मरीज के लक्षणों की पहचान करके डायरिया की जांच की सलाह दे सकता है। डायरिया की जांच के लिए ब्लड टेस्ट और स्टूल टेस्ट किया जाता है। इन दोनों टेस्ट की मदद से शरीर में बैक्टीरियल इंफेक्शन की जांच की जाती है। इसके अलावा हाइड्रोशन टेस्ट शरीर में लैक्टोज और फ्रुक्टोज इनटॉलरेंस की जांच में मददगार साबित होता है। इसके अलावा एंडोस्कोपी डाइजेस्टिव सिस्टम में डायरिया के कारणों का पता लगाती है।

### डायरिया से बचाव कैसे किया जा सकता है?

डायरिया एक आम और हल्की बीमारी के तौर पर देखा जाता है। हाइजीन अपनाने के साथ साथ स्वच्छ भोजन और स्वच्छ आदतों का पालन करके इससे बचाव किया जा सकता है। इसकी रोकथाम के कुछ तरीके इस प्रकार हैं

**समय समय पर हाथ धोते रहें** कोशिश करें कि शौचालय से आने के बाद और भोजन करने से पहले हाथ जरूर धोएं। इसके अलावा बाहर से घर लौटने के बाद साबुन से हाथ जरूर धोने चाहिए।

भोजन बनाने से पहले भी हाथों को साबुन से धोएं। इसके साथ भोजन बनाने का स्थान भी साफ सुथरा होना चाहिए।

भोजन पकाने से पहले फल और सब्जियों को अच्छी तरह साफ करें।

बासी भोजन का सेवन न करें।

भोजन को सही तापमान पर पकाएं और सही तापमान पर स्टोर करें ताकि वो खराब न हो सके।

कच्चे फल और सब्जियों का सेवन न करें।

अगर घर से बाहर हैं या फिर यात्रा पर हैं तो हैंड सेनिटाइजर का प्रयोग जरूर करें। ये हाइजीन के साथ 6। साथ कई तरह के इंफेक्शन से बचाव कर सकता है। यात्रा करते समय बाहर खुले में बन रही खाने पीने की चीजों का सेवन न करें।

साफ पानी का सेवन करें। कोशिश करें कि बोतलबंद या उबला हुआ पानी पिएं।

घर और आस पास सही सीवेज व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सही तरह से शौचालय सुविधाओं का उपयोग करें।

डायरिया से बचाव के लिए रोटावायरस वैक्सीन लगवाएं।

### डायरिया का मैनेजमेंट कैसे किया जा सकता है?

यूं तो डायरिया आम बीमारी है लेकिन अगर ये लंबे समय तक बनी रहे तो खतरनाक हो जाती है। ऐसे में आप लाइफस्टाइल संबंधी अच्छी और स्वस्छ आदतें अपनाकर डायरिया को मैनेज कर सकते हैं।

पर्याप्त पानी पीते रहें।

अधपके और कच्चे मांस और मछली का सेवन न करें।

डेयरी उत्पादों का ज्यादा सेवन न करें।

कैफीन और शराब के सेवन से बचें।

अपनी डाइट में लो फाइबर फूड शामिल करें।

अपनी डाइट में सेमी सॉलिड यानी आधे ठोस पदार्थों को शामिल करें।

वसायुक्त भोजन से परहेज करें।

देखा जाए तो डायरिया ऐसी आम बीमारी है जो अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाती है। हाइजीनिक आदतों और हेल्दी डाइट को अपनाकर इसकी रोकथाम की जा सकती है। लेकिन अगर सही समय पर डायरिया का उपचार न किया जाए तो ये कई गंभीर दिक्कतों का कारण बन सकता है जैसे किडनी फेलियर,स्ट्रोक, दिल का दौरा आदि। अगर किसी व्यक्ति में डायरिया के लक्षण दिख रहे हैं तो डॉक्टरी सलाह लेनी चाहिए।



# पुराने बयान पर घिरीं पूजा हेगड़े

## सामाजिक मीडिया पर फिर छिड़ी बहस

### नई फिल्म के गाने के बाद वायरल हुआ पुराना इंटरव्यू

### ग्लैमर को लेकर अभिनेत्री पर लगे 'दोहरे मापदंड' के आरोप

पूजा हेगड़े एक बार फिर सामाजिक मीडिया पर चर्चा में हैं। इस बार वजह उनकी आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का नया गाना 'तेरा हो जाऊं' नहीं, बल्कि दक्षिण भारतीय सिनेमा को लेकर दिया गया उनका पुराना बयान बन गया है। फिल्म में वरुण धवन और मृणाल ठाकुर भी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म पांच जून को रिलीज होनी है। गाने के सामने आने के बाद इंटरनेट मीडिया पर पूजा का पुराना इंटरव्यू फिर वायरल होने लगा। दरअसल, एक पुराने इंटरव्यू में पूजा हेगड़े ने कथित तौर पर कहा था कि दक्षिण भारतीय सिनेमा नाभि और पेट के निचले हिस्से को लेकर अधिक आकर्षित रहता है। वहीं, एक अन्य बातचीत में उन्होंने यह भी कहा था कि हिंदी फिल्मों में महिलाओं को ज्यादा मजबूत किरदार मिलते हैं। उस समय भी उनके बयान पर दक्षिण भारतीय सिनेमा के दर्शकों ने नाराजगी जताई थी। बाद में अभिनेत्री ने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया और उन्हें दक्षिण भारतीय सिनेमा से बेहद लगाव है। हालांकि, अब नई फिल्म के गाने में उनके ग्लैमरस लुक और बिकिनी दृश्यों को लेकर सामाजिक मीडिया पर उन्हें फिर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। कई इंटरनेट उपयोगकताओं ने उन पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, कुछ लोगों ने उनका समर्थन करते हुए कहा कि ग्लैमर हिंदी और दक्षिण भारतीय दोनों फिल्म उद्योगों का हिस्सा रहा है। फिलहाल सामाजिक मीडिया पर इस मुद्दे को लेकर लोगों की राय बंटी हुई है। कुछ लोगों का मानना है कि पूजा की टिप्पणी केवल कुछ फिल्मों की प्रस्तुति शैली को लेकर थी, जबकि अन्य लोगों का कहना है कि उनका मौजूदा फिल्मी अंदाज उनके पुराने बयान से मेल नहीं खाता। विवाद के बीच पूजा हेगड़े हिंदी, तेलुगु और तमिल सिनेमा की कई फिल्म्स में व्यस्त हैं। अब दर्शकों की नजर उनकी आने वाली फिल्मों के प्रदर्शन पर टिकी है।

# 20 साल पुरानी साड़ी से बना प्रियंका का शाही गाउन

### गोल्ड गाला में छाया देसी अंदाज

- चिकनकारी साड़ी को नया रूप देकर बनाया गया विशेष परिधान
- 25 साल के फिल्मी सफर के लिए मिला वैश्विक सम्मान

प्रियंका चोपड़ा ने एक बार फिर अपने फैशन अंदाज से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय शिल्प की झलक दिखाई। पांचवें वार्षिक गोल्ड गाला 2026 में अभिनेत्री ने ऐसा परिधान पहना, जिसने सामाजिक मीडिया पर खास चर्चा बटोरी। इस समारोह में प्रियंका को सिनेमा और मनोरंजन जगत में उनके 25 वर्षों के योगदान के लिए ग्लोबल वैनगार्ड ऑनर से सम्मानित किया गया। हालांकि, सम्मान से ज्यादा चर्चा उनके विशेष परिधान की रही। अभिनेत्री ने भारतीय डिजाइनर अमित अग्रवाल द्वारा तैयार किया गया विशेष परिधान पहना। बताया गया कि यह परिधान 20 साल पुरानी चिकनकारी साड़ी को नया रूप देकर बनाया गया। इसे तैयार करने में करीब छह सप्ताह का समय लगा। आइवरी और सफेद रंग के इस परिधान में बारीक चिकनकारी कढ़ाई और कांच की महीन सजावट की गई थी। एक कंधे वाले इस गाउन में साड़ी के पल्लू से प्रेरित डिजाइन को आधुनिक अंदाज में ढाला गया था, जिसने पारंपरिक और आधुनिक शैली का अनूठा मेल पेश किया। प्रियंका ने अपने लुक को हीरों के हार और बुल्गारी के हीरे जड़े आभूषणों के साथ पूरा किया। हल्के मेकअप, गुलाबी आभा और खुले लहराते बालों ने उनके अंदाज को और आकर्षक बना दिया। समारोह में प्रियंका का यह देसी और आधुनिक फैशन मेल दर्शकों को काफी पसंद आया। सामाजिक मीडिया पर भी उनके इस लुक की जमकर चर्चा हो रही है।



# फीफा विश्व कप के मंच पर छाएंगी नोरा, टोरंटो में देंगी धमाकेदार प्रस्तुति

नोरा फतेही फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन समारोह में प्रस्तुति देती नजर आएंगी। यह समारोह 12 जून 2026 को कनाडा के टोरंटो स्थित बीएमओ फील्ड में आयोजित होगा। फीफा की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, नोरा इस समारोह में न सिर्फ प्रस्तुति देंगी, बल्कि गायन भी करेंगी। उनके साथ अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की लंबी सूची भी शामिल रहेगी। इसमें एलानिस मॉरिसेट, एलेसिया कारा, माइकल बब्ले और जेसी रेयेज जैसे नाम शामिल हैं। वहीं, अमेरिका में होने वाले उद्घाटन समारोह में केटी पेरी, अनिट्टा, लिसा और रिमा जैसे वैश्विक कलाकार प्रस्तुति देंगे। नोरा इससे पहले भी 2022 फीफा विश्व कप समारोह से जुड़ी प्रस्तुति देकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बना चुकी हैं। अब एक बार फिर फीफा के मंच पर उनकी वापसी को उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में नोरा ने कई अंतरराष्ट्रीय खेल और सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लिया है। उनकी प्रस्तुति शैली और मंच पर ऊर्जा ने उन्हें वैश्विक दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई है। इसी बीच नोरा अपने नए गीत 'बॉडी रोल' को लेकर भी चर्चा में हैं। इस गीत में उनके साथ हनी सिंह नजर आएंगे। यह गीत शनिवार को जारी किया जाएगा।





# दो विकेट से जीती आरसीबी

## क्रुणाल की पारी ने छीनी मुंबई से जीत

### तिलक वर्मा का अर्धशतक भी मुंबई को हार से न बचा सका

**रायपुर।** आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रोमांचक मुकाबले में मुंबई इंडियंस को दो विकेट से हरा दिया। शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 166 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरु ने आखिरी ओवर में आठ विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मुंबई की शुरूआत खराब रही और टीम ने 28 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद तिलक वर्मा और नमन धीर ने पारी संभाली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी हुई। नमन धीर ने 32 गेंदों में 47 रन बनाए, जबकि तिलक वर्मा ने 42 गेंदों में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

अंतिम ओवरों में राज बावा ने 16 और विल जैक्स ने 10 रन का योगदान दिया। बेंगलुरु की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। जोश हेजलवुड, रासिख सलाम डार और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक सफलता मिली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बेंगलुरु की शुरूआत भी डगमगाई, लेकिन क्रुणाल पांड्या ने जिम्मेदारी संभालते हुए शानदार अर्धशतक लगाया। उनकी संयमित पारी के दम पर टीम ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मुंबई के लिए कॉर्बिन बॉश ने चार विकेट झटके, जबकि दीपक चाहर ने दो बल्लेबाजों को आउट किया।

# रोहित ने रचा इतिहास, धोनी-कोहली की बराबरी

### आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले संयुक्त रूप से बने नंबर-1 खिलाड़ी



**रायपुर।** मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल में नया इतिहास रच दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैदान पर उतरते ही वह आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले संयुक्त रूप से नंबर-1 खिलाड़ी बन गए। यह रोहित के करियर का 278वां आईपीएल मैच था। इसी के साथ उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की बराबरी कर ली। इस सूची में रवींद्र जडेजा 265 मैचों के साथ अगले स्थान पर हैं, जबकि दिनेश कार्तिक ने 257 मुकाबले खेले हैं। रोहित ने अपने आईपीएल करियर में अब तक 7289 रन बनाए हैं। उनके नाम दो शतक दर्ज हैं। वहीं विराट कोहली ने 9040 रन बनाए हैं, जबकि महेंद्र सिंह धोनी के खाते में 5439 रन हैं। बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में रोहित ने तेज शुरूआत करते हुए 10 गेंदों में 22 रन बनाए। उनकी पारी में दो चौके और दो छक्के शामिल रहे।

# उर्विल की तूफानी बल्लेबाजी से जीती चेन्नई

### लखनऊ को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदें रखीं कायम



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। 204 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई ने चार गेंद बाकी रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया।

चेन्नई की जीत के नायक उर्विल पटेल रहे। उन्होंने सिर्फ 23 गेंदों में 65 रन की विस्फोटक पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से दो चौके और आठ छक्के निकले। ऋतुराज गायकवाड़ ने 42 और संजू सैमसन ने 28 रन का योगदान दिया। इससे पहले लखनऊ ने जोश इंग्लिस की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर 203 रन बनाए थे। इंग्लिस ने 33 गेंदों में 85 रन जड़े। शाहबाज अहमद ने 43 रन की नाबाद पारी खेली। लखनऊ की हार का बड़ा कारण खराब क्षेत्ररक्षण रहा। टीम ने मैच के दौरान तीन अहम कैच छोड़े, जिसका फायदा चेन्नई के बल्लेबाजों ने उठाया।

# मुंबई इंडियंस में राजनीति के सवाल पर बोले जयवर्धने

### कहा- चोटों के कारण करने पड़े बदलाव, टीम उम्मीद पर खरी नहीं उतरी



**रायपुर।** आईपीएल 2026 से बाहर होने के बाद मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने टीम में राजनीति के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि टीम में बदलाव रणनीति से ज्यादा चोटों की वजह से करने पड़े। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार के बाद जयवर्धने ने कहा कि मुंबई इस सत्र में निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में टीम कमजोर रही। उन्होंने माना कि कई मौके मिलने के बावजूद टीम जीत हासिल नहीं कर पाई। कोच ने कहा कि टीम के कई खिलाड़ी चोटिल रहे और फिटनेस समस्याओं के कारण लगातार बदलाव करने पड़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वरिष्ठ खिलाड़ियों को बाहर न करना किसी राजनीति का हिस्सा नहीं था। जयवर्धने ने कहा कि रोहित शर्मा समेत टीम के अनुभवी खिलाड़ियों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ खेला। हालांकि, पूरी टीम एक इकाई के रूप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि अब टीम प्रबंधन को पूरे सत्र की समीक्षा करनी होगी, ताकि भविष्य में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

# सोमवार, 11 मई राशिफल

आज का दिन आपके लिए अत्यंत ऊजार्वान है क्योंकि आपकी ही राशि के स्वामी मंगलदेव का गोचर आपके प्रथम भाव में हो रहा है। सूर्यदेव और बुधदेव की उपस्थिति आपको गजब की नेतृत्व क्षमता और बोलने की शक्ति प्रदान कर रही है।

आज का दिन व्यक्तिगत आकर्षण और पेशेवर अनुशासन का एक सुंदर मिश्रण पेश कर रहा है। आपकी राशि में शुक्रदेव की उपस्थिति आपके व्यक्तित्व को निखार रही है, जिससे आप अपनी इच्छाओं को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

आज कुंभ राशि के चंद्रदेव आपके भाग्य के नौवें भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जो आपके जीवन में नई आशाएं और आध्यात्मिक शांति लेकर आएगा। आपकी राशि में बृहस्पतिदेव की मौजूदगी आपके व्यक्तिगत विकास और आत्मविश्वास को बढ़ा रही है।

आज का दिन आपकी छिपी हुई शक्तियों को उजागर करने का संकेत दे रहा है। आठवें भाव में चंद्रदेव का गोचर आपके भीतर चल रही उथल-पुथल को शांत करने और अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा दे रहा है। हालांकि, आपके दसवें भाव में मंगलदेव और सूर्यदेव की मौजूदगी आपको कार्यक्षेत्र में सुर्खियों में ला सकती है

आज का दिन आपकी पब्लिक महत्वाकांक्षाओं और व्यक्तिगत संबंधों के बीच संतुलन बनाने की मांग करता है। सातवें भाव में चंद्रदेव का गोचर पार्टनर के साथ आपके रिश्तों की गहराई से जांच करने का संकेत दे रहा है।

आज चंद्रदेव आपके छठे भाव को सक्रिय कर रहे हैं, जो आपके दैनिक कामकाज और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की मांग करता है। आपकी जांच करने की शक्ति आज शिखर पर है, जो रिसर्च और लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए बेहतरीन है।

आज पांचवें भाव के चंद्रदेव आपके भीतर रचनात्मकता और रोमांस की नई लहर पैदा करेंगे। सातवें भाव में मंगलदेव और सूर्यदेव का जमावड़ा आपकी पार्टनरशिप में काफी हलचल और नई बातचीत ला रहा है। देखा जाए तो यह दिन समझौते की कला और खुद को सुरक्षित रखने के बीच संतुलन बनाने का है।

आज चंद्रदेव आपके चौथे भाव को प्रभावित कर रहे हैं, जो आपको मानसिक शांति और घर की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा देगा। आपके छठे भाव में मंगलदेव और सूर्यदेव का गोचर आपको शत्रुओं पर विजय दिलाने और कठिन चुनौतियों का सामना करने का अदम्य साहस प्रदान करेगा।

आज तीसरे भाव के चंद्रदेव आपके पराक्रम और संवाद क्षमता को बहुत बढ़ा देंगे, जिससे आप अपनी बातों को प्रभावशाली ढंग से रख पाएंगे। पांचवें भाव में मंगलदेव और सूर्यदेव का गोचर आपकी प्रैक्टिकलिटी, रोमांस और संतान से जुड़े मामलों को नई ऊर्जा देगा।

आज दूसरे भाव के चंद्रदेव आपकी आर्थिक आदतों और व्यक्तिगत मूल्यों की जांच करने का संकेत दे रहे हैं। चौथे भाव में मंगलदेव और सूर्यदेव का गोचर आपके घरेलू जीवन में काफी हलचल और नई बातचीत लाएगा, जिससे कभी-कभी तनावपूर्ण स्थिति भी बन सकती है।

आज चंद्रदेव आपकी ही राशि में गोचर कर रहे हैं, जो आपको सीधे तौर पर आपके भाग्य की कमान सौंप रहे हैं और आपको मानसिक स्पष्टता प्रदान करेंगे। मेष राशि के सूर्यदेव, मंगलदेव और बुधदेव आपके तीसरे भाव को ऊर्जा दे रहे हैं, जिससे कम्युनिकेशन और छोटी यात्राओं के प्रबल योग बन रहे हैं।

आज बारहवें भाव के चंद्रदेव आपको अपने अवचेतन मन की गहरी परतों को टटोलने की प्रेरणा देंगे, जहाँ शांति और अकेलेपन में आपको असली शक्ति मिलेगी। आपकी राशि में मंगलदेव और शनिदेव की मौजूदगी आपको अपने सपनों को पूरा करने के लिए गजब का साहस और अनुशासन प्रदान कर रही है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# कल्पनाओं को मिले रंग, तो कागज पर उकर गईं तस्वीरें

- सृजनिका आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित की गई चित्रकला प्रदर्शनी व व पुरस्कर वितरण समारोह का हुआ आयोजन, 32 प्रतिभागियों ने लिया भाग

एनएनआई



**आगरा।** रंगों के उत्सव में कागज पर जब कल्पनाओं ने अपना बसेरा डाला तो रंगों की तरंगों ने हर किसी के मन को छू लिया। प्राकृतिक, स्थिर और अमूर्त चित्रण का ऐसा समावेश कि बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मकता ने हर किसी को अचम्भित कर दिया। भारतीय कला और संस्कृति की भव्यता को रंगों ने राधा-कृष्ण के प्रेम, सीता राम के समर्पण और लोक कला व मदर्स डे पर मां और संतान के बीत के अटूट प्रेम के साथ प्रदर्शित किया। मौका था सृजनिका आर्ट गैलरी द्वारा 9वे स्थापना दिवस पर सिटी ढाबा रेस्टरां में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का, जिसमें 32 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि शिक्षाविद रवि नारंग, अध्यक्षता संस्कार भारती ब्रज प्रांत के जनरल सैकेट्री नन्द नन्दन गर्ग व विशिष्ट अतिथि ललित कला संस्थान के उपनिदेशक डॉ.मनोज कुमार ने गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। अतिथियों ने कहा कि जीवन से तनाव को दूर रखने के लिए चित्रकला सबसे बेहतर माध्यम है। कागज पर उकेरी गई कलाकृति मन के भाव होते हैं और उसमें भरे गए रंग जीवन की उदासी और समस्याओं को दूर ले जाने का जरिया। संस्थान की निदेशिका डॉ. आभा सिंह गुप्ता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। निर्णायक मण्डल में डीईआई के चित्रकला विभाग से सेवानिवृत प्रो. अश्विनी शर्मा, प्रिल्यूड पब्लिक स्कूल दयालबाग से डॉ. सुनीता शर्मा थीं। प्रदर्शनी का सहसंयोजन अंजलि कुशवाह ने किया व संजीव गुप्ता, मानसी अग्रवाल, इशिता, सुदेश कुमार, आराध्या का विशेष सहयोग रहा। धन्यवाद ज्ञापन ई.अतुल गुप्ता ने व संचालन अंशिका रायजादा, रुचिका अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संरक्षक लक्ष्मी गुप्ता, शांति देवी, डॉ सरोज भार्गव, राजीव द्विवेदी, ओम स्वरूप गर्ग, प्रो बिंदु अवस्थी, प्रो नीलाम कांत, श्री गजेन्द्र सिंह , डॉ एकता श्रीवास्तव, डॉ सविता प्रसाद, डॉ दीपा सिंह, डॉ शिल्पी गुप्ता साने, दीप्ति जसोरिया, लीना परमार, नीनू गर्ग, डॉ तपस्या, रश्मि सिंह, शिखा सिंह, विजय सिंह, अंजली मिश्रा, आदि उपस्थित रहेआदि उपस्थित थे।

# खंडेलवाल क्लब के अध्यक्ष बने महेन्द्र खंडेलवाल

- नवीन कार्यकारिणी कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

एनएनआई




**आगरा।** अध्यक्ष पद के साथ संगठन ने जो विश्वास किया वह हमेशा कायम रहेगा। हमारी प्राथमिकता खंडेलवाल क्लब से खंडेलवाल समाज को जोड़ने की व समाज के उत्थान के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। यह वक्तव्य खंडेलवाल क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र खंडेलवाल ने नव कार्यकारिणी गठन समारोह में बोलते हुए समाज को एक नई दिशा देने का संकल्प के साथ कही। खंडेलवाल भवन, शाहगंज स्थित खंडेलवाल क्लब में सत्र 2026-28 की नवीन कार्यकारिणी कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश चंद सर्राफ ने की। चुनाव प्रभारी घनश्याम गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल रहे। उन्होंने महेन्द्र खण्डेलवाल को अध्यक्ष, धीरज खण्डेलवाल को सचिव, राजीव खण्डेलवाल को कोषाध्यक्ष तथा गोपीचन्द खण्डेलवाल को उपाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। सचिव धीरज खण्डेलवाल और कोषाध्यक्ष राजीव खण्डेलवाल पहले से ही क्लब को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र खण्डेलवाल पिछले 32 वर्षों से राजनीतिक सामाजिक और व्यापारिक संगठनों में निरंतर जुड़कर अपनी सक्रियता निभाई है और एक मुकाम हासिल किया है। अध्यक्ष महेन्द्र खण्डेलवाल ने कहा, क्लब के सभी सदस्यों ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए मैं आभारी हूँ। विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल ने नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए क्लब को समाज सेवा में अग्रणी बताया। संचालन श्रीमती सोमा जसोरिया ने किया। गोपीचंद खंडेलवाल, कालूराम खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल, कृष्ण कुमार भगत, नीरज, प्रदीप भगत, राकेश, श्याम मोहन गुप्ता, रमेश चंद खंडेलवाल, राजकुमार भगत, प्यारेलाल खंडेलवाल, राज किशोर खंडेलवाल विनोद खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल ,केके खंडेलवाल ,विनोद खंडेलवाल जीटी, राकेश खंडेलवाल, गोपाल प्रसाद, ललित खंडेलवाल संजीव खंडेलवाल, राजकुमार, ललित गुप्ता,राकेश खंडेलवाल,मुकेश खंडेलवाल रामबाबू खंडेलवाल, मुकेश, रामेश्वर खंडेलवाल, आलोक खंडेलवाल मदन गुप्ता, सौरभ गुप्ता सहित समस्त पूर्व अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शहरीकरण और पश्चिमीकरण के कारण बच्चों में बढे एलर्जिक रोग

- एलर्जिक रोगों में वायु प्रदूषण कर रहा साइलेंट किलर का कार्य
- आईएपी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 का हुआ समापन
- देशभर के विशेषज्ञों ने कॉन्फ्रेंस में पैनल डिस्कशन, वार्ता और चर्चा की

एनएनआई




**आगरा।** शहरीकरण और पश्चिमीकरण के कारण निरंतर बढ़ रहे एलर्जी संबंधित रोग। प्रकृति से दूर होना और आधुनिक जीवन शैली को अपनाने के कारण ही बच्चों में एलर्जिक रोगों में इजाफा हो रहा है। यह बात वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एच परमेश्वर ने कही। वह इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आगरा के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस मिड टर्म पीईडी ऑल ईआर कॉन-2026 के दूसरे दिन रविवार को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उनका कहना था कि वायु प्रदूषण एलर्जिक रोगों के लिए साइलेंट किलर का कार्य कर रहा है। इससे सांस, त्वचा और पेट संबंधित एलर्जिक रोग से बच्चे पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने प्रकृति प्रेम और आधुनिक लाइफस्टाइल में बदलाव कर सामान्य जीवन यापन करने की सलाह भी दी। कॉन्फ्रेंस में अन्य प्रमुख वक्ता के रूप में दिल्ली के पेट, लीवर और आंतों के विशेषज्ञ डॉक्टर सरथ गोपालन के अनुसार जो बच्चे बाहरी दूध या मिक्स दूध पीते हैं। उनमें सांस, आंत और स्क्रीन में एनिमल्स प्रोटीन एलर्जी जैसे रोग अक्सर पाए जाते हैं। इनके लक्षण शौचालय के रास्ते से खून आना, सांस फूलना, पेट में मरोड़ होना, लूज मोशन होना आदि शामिल है। उन्होंने रोगों से बचाव के लिए भी टिप्स दिए। इस दौरान चीफ ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. आरएन द्विवेदी, डॉ. प्रदीप चावला, आईएपी आगरा के अध्यक्ष डॉ, संजीव अग्रवाल ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. राहुल पैंगोरिया, फाइनेंस सेक्रेटरी डॉ. स्वाति द्विवेदी ने कॉन्फ्रेंस की जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय कांफ्रेंस में देशभर से आए विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों में अपने विचार रख एलर्जिक संबंधित रोगों के कारण, बचाव और उपचार पर मंथन किया। इस अवसर पर डॉ. राजीव कृषक, डॉ. आर एन शर्मा, डॉ. राकेश भाटिया, डॉ. संजय सक्सेना, डॉ. अरुण जैन, डॉ. नीरज यादव, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सोनिया भट्ट, डॉ. अश्वनी यादव, डॉ. अतुल बंसल, डॉ. अभिषेक गुप्ता मौजूद रहे।

## 'करुणेश' परिवार ने माताओं का किया सम्मान



**आगरा (एनएनआई)।** स्वाधीनता सेनानी स्व रोशन लाल गुप्त 'करुणेश ' के परिवार की ओर से मदर्स डे पर वाटर वर्क्स स्थित अग्र वन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर 22 माताओं को सम्मानित किया गया। माताजी स्व रामलता गुप्ता, पत्नी स्वाधीनता सेनानी स्व रोशनलाल गुप्त 'करुणेश ' का स्मरण करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर मंजुला गुप्ता, पंकुल, सौम्या, (गाजियाबाद), रजनीगंधा (बैंगलोर),, श्वेता (गुडगांव), सीमा (दिल्ली), संध्या (मेरठ), शकुंतला देवी (76 वर्ष ),निरुपमा,रेखा, आदीपिका, गीतिका, ईमा, दीपिका, रानी, चंचल, साधना, दिव्या, जागृति आदि मदर्स को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में प्रियदर्शिनी, अभिषेक, अभिनव, अभिनंदन, अभिनीत,प्रतीक, अभिज्ञान थे। मदर्स डे की चर्चा चंद्रशेखर, संजय,आदर्श नंदन व शरद गुप्ता ने की।

## प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन ने केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को सौंपा ज्ञापन



**आगरा (एनएनआई)।** प्रीपेड ड्राइवर एकता यूनियन ने मंत्री भारत सरकार प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल को ज्ञापन दिया, जिसमें मुख्य रूप से दो बिंदु रखे गए महिलाओं के लिए निशुल्क टॉयलेट की व्यवस्था और सकुर्लेटिंग एरिया में पेयजल की व्यवस्था । इतनी भीषण गर्मी में भी सकुर्लेटिंग एरिया में पांच पार्किंग है । सेकंड क्लास जनरल टिकट टिकट विंडो है ।आरक्षण केंद्र भी है कहीं भी पेयजल की व्यवस्था नहीं है ना ही कोई टॉयलेट है तमाम यात्रियों के लिए वातानुकूलित वेटिंग रूम स्लीपर क्लास वेटिंग रूम है। जनरल टिकट वालों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है । ई एम यू ट्रेन में कोई टॉयलेट नहीं होता है जिसमें अधिकतर किसान व निम्न श्रेणी के मजदूर टाइप व्यक्ति ज्यादा सफर करते हैं । कोई टॉयलेट ना होने की वजह से प्लेटफार्म नंबर 6 के बाहर लाइन लगाकर महिलाएं टॉयलेट करते दिख जाती हैं । सकुर्लेटिंग एरिया में भी कोई टॉयलेट ना होने के कारण तमाम महिलाओं को अपमानित होते हुए खुले में टॉयलेट करना मजबूरी हो जाती है अधिकारियों की अनदेखी के चलते माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छ मिशन को जिम्मेदार अधिकारी पलीता लगा रहे हैं मुख्य रूप से अध्यक्ष जहीर अब्बास महामंत्री अनिल शर्मा चौधरी रफीक रेसभ खान मजीद उस्मानी राहुल माहौर शकील अहमद साबिर सरफराज आदि रहे मौजूद मंत्री ने ज्ञापन को जनहित में बताया और अति शीघ्र रेल मंत्री से मिलकर समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया है।

# मदर्स डे पर छुट्टा गोवंशीय पशुओं को जलपात्र रखने मुहिम की शुरू

एनएनआई

**एत्मादपुर।** भीषण गर्मी में अब छुट्टा घुमन्तु गोवंशीय पशुओं को प्यासा नहीं रहना पड़ेगा। इस पुण्य कार्य की अनूठी पहल की शुरूआत किसी संस्था या फिर संगठन ने नहीं बल्कि एक सामाजिक कार्यकर्ता ने मदर्स डे पर की है। नगर के खंदौली रोड स्थित मां खैरानी मेडिकल स्टोर पर डा. संजय बघेल के क्लीनिक के सामने गोवंशीय पशुओं के लिए पानी से लबालब पात्र में घुमंतू जानवर लगातार अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इस पहल को शुरू करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू लोधी ने बताया कि क्षेत्र में अनेक छुट्टा गोवंशीय पशु भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते रहते हैं। लेकिन अब यहां रखे गए स्वच्छ जल के पात्र में उनके लिए पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। उन्होंने बताया कि वह अन्य स्थानों पर भी छुट्टा गोवंशीय पशुओं के लिए सार्वजनिक पार्क, सड़क किनारे, प्रतिष्ठानों के सामने जलपात्र रखने के लिए वह स्वयंसेवी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

